卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 102 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦17 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

जम्मू( उद ब्यूरो)। बडगाम जिले में जिला अदालत परिसर के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। सुरक्षा बलों को उनके पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद हुआ है। इस दौरान कुछ आतंकी फरार हो गए। पुलिस बाकी आतंकियों को खोजने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आतंकी एक टाटा सूमो टैक्सी में सवार थे। नाके पर मुस्तैद जवान वाहनों की तलाशी ले रहे थे। इस दौरान टैक्सी चालक को रुकने का इशारा किया गया। तभी वाहन के अंदर बैठे आतंकियों ने फायरिंग कर दी। वहीं, जवानों ने खुद का बचाव किया और फायरिंग में दो आतंकियों को ढेर कर दिया। कश्मीर के



एडीजीपी ने आतंकियों के बारे में बताया कि मारे गए आतंकियों की पहचान पुलवामा के अरबाज मीर और शाहिद शेख के रूप में हुई है। दोनों आतंकी प्रतिबंधित संगठन लश्कर- ए-तैयबा से जुड़े थे। हाल ही में हुई एक मुठभेड़ के दौरान दोनों आतंकी फरार हो गए थे। इससे पहले रविवार को बडगाम जिले के रेडबुग मागाम इलाके में इस वर्ष की पहली मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में आतंकी चकमा देकर भाग निकलने में सफल हुए थे। शुरुआत में दोनों ओर से फायरिंग होती रही, लेकिन कुछ देर बाद दूसरी ओर से फायरिंग बंद हो गई। हालांकि सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाले रखा ताकि आतंकियों को भागने का मौका न मिल सके। काफी देर बाद भी दूसरी तरफ से फायरिंग नहीं हुई तो सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान पता चला कि घिरे आतंकी भाग निकले।

## दो और होटलों में दरार

### तहसील भवनों के ऊपरी और निचले हिस्से में भी भू-धंसाव

जोशीमठ( उद संवाददाता)। जोशीमठ में भू-धंसाव का सिलसिला लगातार जारी है। अब तक शहर के करीब साढ़े आठ सौ भवनों में दरारें आ चुकी हैं। वहीं, होटल माउंट व्यू और मलारी इन के बाद अब कॉमेट और स्नो क्रेस्ट होटलों में भी दरारें आ गयी हैं। वहीं, तहसील भवनों के ऊपरी और निचले हिस्से में भी भू-धंसाव हो रहा है। सीबीआरआई की ओर से इनकी मॉनीटरिंग की जा रही है।



सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. सिन्हा ने बताया कि अगर ध्वस्तीकरण की जरूरत हुई तो इन्हें भी पूरी प्रक्रिया अपनाने के बाद ध्वस्त कर दिया जाएगा। सीबीआरआई ने मकानों पर क्रेकमीटर लगाए हैं। इससे दरारों की प्रवृत्ति का पता लगाया जा रहा है। उधर लोक निर्माण विभाग का गेस्ट हाउस भी तिरछा हो गया है। यहां का पूरा भवन एक तरफ को धंस गया है। इसलिए प्रशासन ने इस पर ध्वस्तीकरण के लिए स्टीकर लगा दिया है। दो होटल के बाद अब यह सरकारी भवन ध्वस्त किया जाएगा। कुछ घरों और जमीन पर आई दरारों में एक से दो मिलीमीटर की वृद्धि हुई है, लेकिन नए घरों में दरारें नहीं आई हैं। वहीं, पानी का रिसाव भूमि के अंदर न हो इसके लिए खेतों की दरारों को भरने का काम भी जारी है। जोशीमठ में मौसम खराब है। शहर में जारी राहत अभियानों और अध्ययन के लिए आने वाले चार दिन मुश्किल भरे हो सकते हैं। मौसम विभाग ने 19, 20, 23 और 24 जनवरी को जोशीमठ, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी का अनुमान जताया है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में नैनीताल दुग्ध संघ के चेयरमैन सहित छह घायल

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। हल्द्वानी के बेलबाबा के पास नैनीताल दुग्ध संघ के चेयरमैन मुकेश बोरा का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें स्वयं दुग्ध संघ के



चेयरमैन उनकी पत्नी सहित छह लोग घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है नैनीताल दुग्ध संघ के चेयरमैन मुकेश बोरा मंगलवार को रुद्रपुर से हल्द्वानी की तरफ आ रहे थे। इस दौरान बेल बाबा के पास अचानक सड़क के सामने जानवर आने से उनका वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें स्वयं मुकेश बोरा एवं उनकी पत्नी सहित छह लोग घायल हो गए जिनका नीलकंठ अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## भर्ती घोटालों के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

देहरादून/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश में लगातार भर्ती परीक्षाओं में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने आज प्रदेश






भर में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा नैनीताल में, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य हल्द्वानी में, पूर्व सीएम हरीश रावत व पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल देहरादून के गांधी पार्क में, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी खटीमा और हरिद्वार में युवाओं के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भर्ती घपलों की हाईकोर्ट की देखरेख में सीबीआई से जांच की मांग की। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा ने कहा, कई भर्तियों में जिस तरह के गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे, उससे राज्य के युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। इसके विरोध में पार्टी की ओर से जगह-जगह प्रदर्शन किया जाएगा। **हल्द्वानी-** पटवारी भर्ती में पेपर लीक होने के विरोध में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौन उपवास रखकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों के गांजे के साथ पिता पुत्र गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ अभियान में भतरौजखान पुलिस ने चार लाख के गांजे के साथ पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। दोनों पिता पुत्र गांजे को बाइक में तस्करी करके ले जा रहे थे। एससपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर नशे के खिलाफ चल रहे ताबड़तोड़ अभियान में सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा और सीओ ऑपरेशन ओशीन जोशी के मार्ग दर्शन में रात्रि चैकिंग के दौरान पुलिस ने नसीर अहमद पुत्र बसीर अहमद और शाहनवाज पुत्र नसीर अहमद को मोटरसाईकिल संख्या यूपी20 सीए3974 (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। आवास विकास कैम्प क्षेत्र में एक युवक ने





संदिग्ध हालातों में दोस्त के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नौकरी की तलाश में संभल से रूद्रपुर आया था। मूल रूप से संभल थाना रजपुरा निवासी 29 वर्षीय कपिल कुमार पुत्र हरिशंकर कुछ दिन पहले ही नौकरी की तलाश में रूद्रपुर आया था । वह यहां आवास विकास में अपने दोस्त के कमरे में रह रहा था। बीती रात आठ बजे उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मकान मालिक ने मामले (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसएसपी ने किये दस दरोगाओं के तबादले

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने जिले में दस दरोगाओं के तबादले किये हैं। जारी आदेश के मुताबिक उपनिरीक्षक अर्जुन गिरि को पुलिस कार्यालय से प्रभारी चौकी रम्पुरा, उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र शर्मा को रूद्रपुर कोतवाली से प्रभारी चौकी लालपुर, उपनिरीक्षक सुनील बिष्ट को प्रभारी चौकी लालपुर से पुलिस लाईन, उपनिरीक्षक विजय सिंह को प्रभारी चौकी पैंगा से प्रभारी चौकी सुल्तानपुर पट्टी, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार को (शेष पृष्ठ सात पर)

## जनजागरूकता के लिए सड़क पर बाईक लेकर निकले कप्तान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० मंजूनाथ टी सी ने सिडकुल



पंतनगर में हिंदुस्तान जिंक कंपनी के साथ मिलकर जन जागरूकता पखवाड़े में स्वयं बाइक चलाकर आम जनमानस को ट्रैफिक के प्रति जागरूक किया गया तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने संबंधी निर्देश दिए तथा ट्रैफिक के नियमों की जानकारी प्रदान की गई । इस दौरान एसएसपी ने कहा कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए हर वर्ष पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह (शेष पृष्ठ सात पर)

## बिहार के शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

काशीपुर( उद संवाददाता)। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा पवित्र राम चरित्र मानस को लेकर दिए गए विवादित बयानों ने समूचे देश में तूफान खड़ा कर दिया है। इसी मामले को लेकर आज यहां हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन कर इस आशय का ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा। हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने राष्ट्रपति से मांग किया कि अपनी गलती के लिए



बिहार के शिक्षा मंत्री देश से माफी मांगे। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय के 25 वें दीक्षांत समारोह के दौरान बिहार के (शेष पृष्ठ सात पर)

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



श्रीमती गीता मिश्रा पत्नी स्व. यशवंत मिश्रा जी किसान सेवा सहकारी समिति नारायणपुर की संचालक, पूर्व आत्मा परियोजना अध्यक्ष (14.04.1966-07.01.2023)

"हरि इच्छा बलवती", मान्यवर, अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माता **श्रीमती गीता मिश्रा** धर्मपत्नी स्व. श्री यशवन्त मिश्रा जी का **आकस्मिक स्वर्गवास 7 जनवरी 2023** को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **ब्रह्मभोज दि. 18.01.2023, बुधवार** को दिन में 1.30 बजे हमारे निवास स्थान **ग्राम व पो. प्रतापपुर, तहसील-किच्छा** पर होगा। स्वर्गवासी आत्मा की शांति हेतु आयोजित कार्यक्रम में पधारने की कृपा करें।

**शोकाकुल परिवार:**
श्रीमती सावित्री देवी मिश्रा (सास)
एवं समस्त मिश्रा परिवार

**दुःखित हृदय सहित:**
बिपिन मिश्रा (पुत्र), मो. 9899620615
नितिन मिश्रा (पुत्र),
मो. 9719371177, 9412946222

# केदारनाथ की तर्ज पर होगा पुनर्निर्माण

**❑आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत कुमार सिन्हा ने दी जानकारी: चौड़ी दरारों में पानी भरने की आशंका, सभी खतरनाक भवन हटाने के आदेश जारी**

**❑जोशीमठ के प्रभावितों के अस्थायी पुनर्वास के लिए चयनित स्थलों पर प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए जाएंगे,कर्णप्रयाग और ऊखीमठ में भी सर्वे होगा**

देहरादून(उद संवाददाता)। जोशीमठ के आपदाग्रस्त क्षेत्र में स्थित जेपी कालोनी के उन सभी घरों और संरचनाओं को यांत्रिक (मैकेनिकल) तरीके से हटाने के आदेश दिए गए हैं, जिनकी रेट्रोफिटिंग संभव नहीं है। सोमवार कोजोशीमठ से लौटकर मीडिया से वार्ता करते हुए आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत कुमार सिन्हा ने जोशीमठ में चल रहे राहत कार्यों की ब्रीफिंग में वहांको मौजूदा हालात और राहत और बचाव कार्योंकी जानकारी साझा की है। डा सिन्हा ने बताया कि जोशीमठ में सर्वे चल रहा है। ऐसे में जिन घरों में दरारें पड़ी हैं, उनकी संख्या बढ़ रही है। रविवार को ऐसे भवनों की संख्या 826 थी, जो सोमवार को बढ़कर 849 हो गई। सर्वे जारी है और यह संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जोशीमठ में कुछ स्थानों पर दरारें थोड़ी चौड़ी हुई हैं, लेकिन ये नई नहीं, पुरानी दरारें हैं। सर्वे कार्य चल रहा है, इसीलिए ऐसे भवनों की संख्या बढ़ रही है। इसके अलावा वर्षा होने पर भूमि में पड़ी दरारों में पानी भरने की आशंका के मद्देनजर इन्हें पाटा जा रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने जोशीमठ के लिए केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआइ) को नोडल बनाया है। सोमवार को सचिवालय के मीडिया सेंटर में हुई ब्रीफिंग में डा सिन्हा ने कहा कि जोशीमठ में हाथी पहाड़ की तरफ से लेकर जेपी कालोनी व अलकनंदा नदी तक का क्षेत्र प्रभावित है। इसी क्षेत्र की जमीन के भीतर तनाव है। भार कम करने के दृष्टिगत ही जेपी कालोनी के दरार वाले भवनों व संरचनाओं को हटाने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि भूमि में पड़ी दरारों को छिपाने की दृष्टि से नहीं, बल्कि वर्षा होने पर इनमें पानी भरने की आशंका से पाटा जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जेपी कालोनी में फूटी जलधारा से जल प्रवाह में कमी आई है और अब यह 163 एलपीएम है। जोशीमठ में जेपी कालोनी में फूटी जलधारा के स्रोत का पता लगाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआइएच) पानी के नमूनों की जांच कर रहा है। शुरुआत में एनआइएच ने पांच नमूने लिए थे, जबकि इस बीच उसने 20 और नमूने लिए। एनआइएच ने शासन को अंतरिम रिपोर्ट सौंपी, लेकिन अब उससे समग्र



व फाइनल रिपोर्ट मांगी गई है। सचिव आपदा प्रबंधन डा सिन्हा के अनुसार अंतरिम रिपोर्ट में कई बिंदुओं पर स्पष्टता नहीं है। इसीलिए उसे फाइनल रिपोर्ट जल्द देने को कहा गया है। आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार सभी जांच एजेंसियों की रिपोर्ट मिलने के बाद विज्ञानियों की समिति गठित की जाएगी, जो इन रिपोर्ट का अध्ययन कर निष्कर्ष पर पहुंचेगी। भविष्य में यदि जोशीमठ के आपदाग्रस्त क्षेत्र को बसाने की स्थिति बनी तो इसके लिए केदारनाथ की तर्ज पर पुनर्निर्माण किया जाएगा। सभी के सहयोग से इसे बेहतर से बेहतर बनाया जाएगा। डा सिन्हा ने एक प्रश्न पर कहा कि भूधंसाव का उपचार कर जोशीमठ को सुरक्षित करने के लिए तकनीकी का इस्तेमाल भी किया जाएगा। इसके लिए देश अथवा विदेश की सफल तकनीकी को यहां भी अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें यहां की आजीविका समेत सभी विषयों को साथ लेकर चलना है। ऐसे में तकनीकी का उपयोग तो आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जोशीमठ को लेकर गंभीरता से कदम उठाए जा रहे हैं।चमोली जिले में ही कर्णप्रयाग में भूधसाव व घरों में दरारें पडने के बारे में पूछे जाने पर डा सिन्हा ने कहा कि आइआइटी रुड़की को यहां के जियो फिजिकल सर्वे का जिम्मा सौंपा गया है। उसकी रिपोर्ट के आधार पर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ऊखीमठ क्षेत्र का भी आइआइटी रुड़की से जियो फिजिकल सर्वे कराया जा रहा है। डा सिन्हा ने कहा कि जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के अस्थायी पुनर्वास के लिए चयनित स्थलों पर प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए जाएंगे। सप्ताहभर के भीतर सीबीआरआइ ऐसे भवनों के माडल तैयार करा देगा। उन्होंने बताया कि प्रभावितों के घरों का आदि का मापन हो रहा है। इसी हिसाब से उनका स्थायी पुनर्वास होगा, लेकिन इसके बारे में निर्णय अलग से लिया जाएगा।

## याचिकाकर्ता अपनी बात को हाई कोर्ट में रखें : सुप्रीम कोर्ट

देहरादून। सुप्रीम कोर्ट ने जोशीमठ संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। सोमवार को सुनावई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उत्तराखंड हाई कोर्ट जाने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी बात को हाई कोर्ट में रखें। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पर्दीवाला की पीठ ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार किया है।


# भवनों में पड़ी दरारें हो रही चौड़ी

**होटलों को ढहाने की कार्रवाई जारी,जलधारा में के प्रवाह में कमी**

जोशीमठ। प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव मंगेश घिल्डियाल और सचिव आपदा प्रबंधन डा रंजीत कुमार सिन्हा रविवार को जोशीमठ पहुंचे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोशीमठ शहर के भूधंसाव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औली रोपवे के बेस से लेकर मनोहरबाग वार्ड तक में ध्वस्त किए जा रहे दो होटलों माउंट व्यू व मलारी इन और भूधंसाव प्रभावित कई भवनों का जायजा लिया। वहीं सीबीआरआइ के वैज्ञानिकों की देखरेख में होटल माउंट व्यू और मलारी इन को ढहाने की कार्रवाई सोमवार को भी जारी है। आपदाग्रस्त जोशीमठ में भवनों में पड़ी दरारें चौड़ी हो रही हैं। उत्तराखंड सरकार ने भी इसे स्वीकारा है। सचिव आपदा प्रबंधन डा रंजीत कुमार सिन्हा ने जोशीमठ से लौटने के बाद कहा कि बीते एक-दो दिनों में कुछ जगह भवनों में दरारें एक से दो मिलीमीटर तक चौड़ी हुई हैं। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआइ) के विज्ञानियों की टीम क्रेकोमीटर से दरारों की निगरानी कर रही है। भूधंसाव वाले क्षेत्रों में बोल्डर न खिसकें, इसके लिए उन पर तारजाल लगाए जाएंगे। प्रभावितों के अस्थायी पुनर्वास के दृष्टिगत सीबीआरआइ को प्री-फैब्रिकेटेड हट का माडल 20 जनवरी तक तैयार करने को कहा गया है। यही नहीं, जेपी कालोनी में फूटी जलधारा में रविवार को पानी के प्रवाह में कमी आने पर तंत्र ने राहत की सांस ली है। वहीं अब पुरानी दरारें चौड़ी होने लगी है। अब दरारें शहर के उस हिस्से की तरफ देखी जाने लगी हैं, जिसे सुरक्षित माना जा रहा है। डाक बंगला इसका उदाहरण है, जिसमें राहत कार्यों में जुटी टीमों के सदस्य रह रहे थे। उन्हें अन्यत्र शिफ्ट किया गया है। तहसील भवन में भी हल्की दरारें आई हैं।











बदरीनाथ धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल जोशीमठ स्थित ज्योर्तिमठ के भवन की दीवारों में भी तीन-चार माह पहले दरारें पड़ी थीं। इन्हें सीमेंट से भर दिया गया था, लेकिन अब ये फिर से खुल गई हैं और इनकी चौड़ाई पांच मिलीमीटर तक हो गई हैं। सचिव आपदा प्रबंधन डा. सिन्हा के अनुसार क्षेत्र में नामी संस्थानों के विज्ञानी जांच कार्य में जुटे हैं। उनसे कहा गया है कि जिन-जिन जगहों पर वे जांच कर रहे हैं, उसकी रिपोर्ट भी शासन को भेजते रहें, ताकि संबंधित क्षेत्र में इसके अनुरूप कदम उठाए जा सकें। जिन क्षेत्रों में भूधंसाव हो रहा है, वहां बोल्डर चिंता बढ़ा रहे हैं। जोशीमठ की जेपी कालोनी में फूटी जलधारा में शनिवार को अचानक प्रवाह बढ़ने से चिंता बढ़ गई थी। शनिवार को इसमें पानी का प्रवाह 240 एलपीएम (लीटर प्रति मिनट) था, जो रविवार को घटकर 167 एलपीएम पर आ गया।

# घरों के बाहर लाल,पीले और हरे रंग के स्टीकर

**पीएमओ के उपसचिव मंगेश घिल्डियाल ने किया प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण**

चमोली। जोशीमठ नगर में हो रहे भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्रों को प्रशासन ने तीन जोन में बांट दिया है। सेक्टर अफसरों की ओर से ऐसे घरों के बाहर से लाल, पीले और हरे रंग के स्टीकर चस्पा किए गए हैं। मनोहर बाग वार्ड के सेक्टर अधिकारी अजय काला का कहना है कि प्रभावित क्षेत्र को तीन जोन में बांटा गया है। इनमें लाल रंग के स्टीकर लगे घर डेंजर जोन और पीले वाला स्टीकर संवेदनशील है। प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव मंगेश घिल्डियाल रविवार को जोशीमठ पहुंचे और आपदा राहत, बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ नगर पालिका क्षेत्र में भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। वे दोपहर करीब डेढ़ बजे हेलीकॉप्टर से जोशीमठ पहुंचे। सबसे पहले वे औली रोपवे के निरीक्षण के लिए पहुंचे और यहां से वे मनोहरबाग से मारवाड़ी गए। उन्होंने यहां हो रहे पानी के रिसाव का भी निरीक्षण किया। इसके बाद वे बदरीनाथ हाईवे पर डिस्मेंटल किए जा रहे माउंट व्यू व मलारी इन होटलों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र में मकानों में पड़ी दरारों का भी निरीक्षण किया। उपसचिव ने अधिकारियों से राहत कार्यों सहित परिसंपत्तियों की क्षति के बारे में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने उन्हें प्रभावित क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन के तहत संचालित राहत और बचाव कार्यों की जानकारी दी। वहीं आपदा प्रबंधन सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा ने रविवार को जोशीमठ नगर क्षेत्र के विभिन्न आपदाग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने औली रोपवे, मनोहरबाग, सिंहधार, शंकराचार्य मठ, जेपी कॉलोनी में भू-धंसाव का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ भू-वैज्ञानिक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।




सचिव आपदा प्रबंधन ने औली रोपवे तथा शंकराचार्य मठ के निकट के क्षेत्र तथा घरों में पड़ी दरारों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मकानों में पड़ी दरारों तथा भू-धंसाव के पैटर्न रूट की निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने औली रोपवे के टावर के ईद-गिर्द दरारों की निगरानी के निर्देश भी दिए। डॉ. सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों को दरारों के पैटर्न तथा बढ़ोतरी की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जानकारी दी कि राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) हैदराबाद की टीम की ओर से प्रभावित क्षेत्र का भू-भौतिकीय अध्ययन किया जा रहा है। गौरतलब है कि 976 में मिश्रा कमेटी में आधिकारिक तौर पर ये बात उजागर हुई थी कि जोशीमठ में भूमि व भवनों में दरार पड़ रही है। इसके बाद से पिछले वर्ष तक कई रिपोर्ट आईं, लेकिन किसी पर अमल नहीं हुआ। अब खतरा बढ़ने पर तमाम एजेंसियों को समस्या की जड़ तक जाने के लिए मोर्चे पर झोंका गया है। सभी की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे कदम उठाए जाएंगे। आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्र को बसाने की स्थिति बनी तो इसके लिए केदारनाथ की तर्ज पर पुनर्निर्माण किया जाएगा। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के विशेषज्ञ वैज्ञानिक भूगर्भीय दृष्टि से परीक्षण में जुटे हैं। रुड़की स्थित केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान भवनों व भूमि में पड़ी दरारों का आकलन व निगरानी करने के साथ परिसंपत्तियों की क्षति का आकलन कर रहा है। एनजीआरआइ हैदराबाद जोशीमठ का जियो फिजिकल सर्वे कर रहा है। आइआइटी रुड़की के पास जियो टेक्निकल सर्वे की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के विज्ञानी हाईड्रोलाजिकल जांच में जुटे हैं। वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान के विज्ञानी क्षेत्र में भूकंपीय दृष्टि से अध्ययन को तीन सिस्मोग्राफिक स्टेशन स्थापित कर दिए हैं, जिनसे आंकड़े मिलने शुरू हो गए हैं।

# सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने किया एक फरवरी से हड़ताल का ऐलान

## कई मांगें पर नहीं हुआ समाधान

देहरादून (उद संवाददाता)। लम्बे समय से मांगों को लेकर आवाज उठा रहे सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने अब प्रदेश में 1 फरवरी से हड़ताल का ऐलान किया है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फैडरेशन उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि 28 दिसम्बर 2022 को उत्तराखण्ड प्रदेश के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की यूनियन ऑल इण्डिया फेयर प्राइज शॉप डीलर्स फेडरेशन उत्तराखण्ड के बैनर तले विक्रेताओं का एक सम्मेलन काशीपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें गल्ला विक्रेताओं की कई मांगें उठाई गयी थी। जिसमें विक्रेताओं को प्रति माह न्यूनतम आय 50,000 मानदेय के रूप में दिये जाने के साथ ही सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को लाभांश की राशि व मानदेय प्रति माह विक्रेताओं के खातों में भुगतान करने, राज्य खाद्य योजना का लाभांश राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के बराबर 180 प्रति कुन्टल करने ,बायोमैट्रिक वितरण हेतु नैट पैक रिचार्ज की धनराशि दिलवाने ,सरकारी स० गल्ला विक्रेतओं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, राज्य खाद्य योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं मध्यान्ह भोजन योजन (एमडीएम) के लाभांश एवं भाड़े के पुराने बिलों का भुगतान शीघ्र करवाने,विक्रेताओं को बायोमेट्रिक राशन वितरण हेतु उच्च गुणवत्ता के लैपटॉप और पॉश मशीन उपलब्ध करवाने ,उत्तराखण्ड जैसे विषम भौगोलिक स्थिति वाले राज्य में डोर स्टेप डिलीवरी योजना को बन्द करके पूर्ववत विक्रेताओं द्वारा गोदाम से स्वयं राशन उठाने की व्यवस्था लागू करने,घटतौली की समस्या के समाधान के लिए गोदामों में धर्मकांटे लगाये जाने की मांग प्रमुख है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि फेडरेशन के प्रदेश पदाधिकारियों और सभी जिलाध्यक्षों द्वारा सामुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि शासन–प्रशासन द्वारा विक्रेताओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 1 फरवरी से प्रदेश के समस्त विक्रेता पूर्ण कार्य बहिष्कार और प्रदेश व्यापी आन्दोलन करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी, प्रदेश महामंत्री संजय शर्मा, ऊधमसिंह नगर के जिलाध्यक्ष / प्रदेश महामन्त्री श्री राजेन्द्र बांगा, जिलाध्यक्ष देहरादून दिनेश चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष पिथौरागढ़ मनोज पाण्डे, प्रदेश उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष हरिद्वार नरेन्द्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेद सिंह रावल जी, प्रदेश मंत्री देवेन्द्र सिंह चौहान,प्रदेश सचिव राममूर्ति गुप्ता, जिलाध्यक्ष नैनीताल नरेन्द्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पन्त, उत्तरकाशी जिलाध्यक्ष कृष्ण गुसांई, जिलाध्यक्ष चमोली दिनेश चन्द्र जोशी, चम्पावत से प्रदेश प्रवक्ता श्री राजीव मुरारी, मदन लाल खन्ना आदि मौजूद रहे।

शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को
1.रिसेप्शनिष्ट( महिला )-(1),योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट-(1)योग्यता-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. सेल्स एक्जीक्यूटिव- (25), योग्यता-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. मैनेजर- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम(कमीशन के आधार पर)
6. ड्राईवर (1) योग्यता आठवीं पास
बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।
पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

# अतिक्रमण के मामले में व्यापारियों ने दी तहरीर

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों के अंतर्गत नगरपालिका का बोर्ड पिलर लगाए जाने पर कुछ सभासदों ने आपत्ति जताई थी जिस पर कोई ध्यान



नहीं दिया गया। रात्रि लगभग 9:30 बजे श्री सनातन धर्म मंदिर वार्ड नंबर 10 के गेट के सामने नगर पालिका गेट पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पिलर लगाकर मार्ग अवरुद्ध किए जाने के मामले में व्यापारियों द्वारा विरोध जताए जाने पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा उक्त कार्य को रुकवाया गया वहीं व्यापारियों द्वारा थाने में तहरीर देकर अतिक्रमण करके पिलर लगाए जाने के मामले में न्याय संगत कार्रवाई की मांग की गई। कुछ व्यापारियों द्वारा जब तहसीलदार द्वारा पिलर लगाए जाने पर रोक की बात कही गई परंतु इस घटनाक्रम के बीच तहसील दारा से व्यापारियों की दूरभाष के माध्यम से बात नहीं हो पाई तो व्यापारियों द्वारा उप जिलाधिकारी को संपर्क किए जाने पर उन्होंने मामला तहसीलदार पर छोड़ दिया और दूरभाष से संपर्क किए जाने वाला फोन बंद कर दिया जिस पर व्यापारियों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए अपना पक्ष रखते हुए कहा कि एक तरफ नगरपालिका अतिक्रमण हटाने की बात करती है तो दूसरी तरफ स्वयं नाली के बाहर 3 फुट की दूरी पर अतिक्रमण करके कानून का उल्लंघन करती है व्यापारियों ने कहा कि उक्त अतिक्रमण वाला कार्य कदापि नहीं होने दिया जाएगा जिस पर वाहन में लगाए लाए गए भारी भरकम पिलर एवं अन्य सामग्री को अन्यत्र रखवा दिया गया।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# मातृशक्ति ने सेवा भावना के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गदरपुर(उद संवाददाता)। मातृशक्ति द्वारा गुरु के लंगर की सेवा करते हुए संगत के जूठे बर्तन साफ करने की सेवा निभा कर धार्मिक नानक देव और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के विचारों, शिक्षाओं एवं जीवन इतिहास का वर्णन करते हुए सभी को गुरुमत ग्रहण करने का आह्वान किया वहीं स्मृति में हर वर्ष विभिन्न कार्यक्रम ग्राम झुंनी मजरा के गुरुद्वारा साहिब में किए जाते हैं ।इस दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों के अलावा दूरदराज से




कार्यक्रम का शुभारंभ किया ग्राम झुंनी मजरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में मकर सक्रांति पर्व के उपलक्ष में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत चोले की सेवा और भारी दीवान सजाए गए। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के भोग के उपरांत वक्ताओं द्वारा श्री गुरु नगर क्षेत्र की मातृशक्ति महिलाओं द्वारा स्वयं अपने हाथों से लोहे के तवे पर लंगर रोटियां पका कर सेवा की गई , वहीं श्रद्धालुओं द्वारा संगत के जूठे बर्तनों को भी साफ करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया विदित हो कि बाबा भूमन शाह की आई संगत ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया ग्रंथी भाई देशराज सिंह ने सर्वत्र सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। मेले में विभिन्न तरह की दुकानों में से सामान खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। इधर बच्चों ने भी मेले में लगे हुए झूलों में आनंद लेते हुए मनोरंजन किया।

# बाबा बागनाथ मंदिर में हेलीकॉप्टर से बरसाये फूल

## पालिकाध्यक्ष और डीएम की पहल से पूरी हुई लोगों की हवाई यात्रा की चाहत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक नगरी बागेश्वर में आयोजित उत्तरायणी मेले में पहली बार श्री बानाथ मंदिर में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। डिग्री कालेज ग्राउंड सेहॉलीकॉप्टर में सवार होकर जिलाधिकारी व पालिका अध्यक्ष और उनकी पत्नी द्वारा बाबा बागनाथ मंदिर में हेलीकॉप्टर से सवा कुंटल फूल बरसाए गए। फूलों की वर्षा देखेन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में भालेनाथ के जयकारों से गुजायमान हो उठा। वहीं दूसरी तरफ पहाड़ी जिलों में हैलीकॉप्टर को उड़ते देख लोग कभी उसमें बैठने का सपना देखते हैं। लोगों का यह सपना पूरा करने के लिए पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने लोगों को हवाई सेवा देकर हवाई सफर की चाहत रखने वालों की चाहत पूरी कर दी है। पालिका और प्रशासन के सहयोग से लोग की मुराद पूरी हो रही





है। लोगों को 25 सौ रुपए में पांच मिनट का हवाई सफर कराया जा रहा है।हेलीकॉप्टर से नगर क्षेत्र का भ्रमण कराया जा रहा है। लगातार दो दिनों से 200 से अधिक लोगों ने हवाई सेवा का लुफ्त उठाया। वहीं पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने क्षेत्रवासियों से हवाई यात्रा का लाभ उठाने की अपील की है।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# उत्तरायणी मेले में जस्सी गिल ने मचाया धमाल

## बागेश्वर में पहली बार पंजाबी गायक बबन्नमान और जस्सी गिल का शो देखने उमड़ी भीड़








बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले को भव्य मेले में डीएम और पालिकाध्यक्ष की पंजाबी गायक बबन्नमान और जस्सी गिल के शो में भीड़ ने नुमाइशखेत मैदान में दर्शकों का रिकार्ड तोड़ दिया। जस्सी और बबू गिल का शो देखने के लिए करीब मंच में तीस हजार से अधिक लोगो ने पंजाबी गायक के नाईट शो का लुत्फ उठाया। नगर सहित विभिन्न गाँवो से इस शो को देखने से कोई नही अछूता। जहा शो को भव्य बनाने के लिए वायरस ग्रुप के द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ी। शो में जिलाधिकारी एसपी डीएफओ सहित जिला जज और कपकोट विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।ठंड के बावजूद शो में सजणा हो तेरे लाई, धीरे धीरे से मेरी जिंदगी में आना, माही बे बागेश्वर जून जरूर रे, हरा रंग दुपट्टा बिछ,गल्ले गले सुर न वधर, आंखों बिछ सारे आंसू बिछ,छोटे छोटे दिल गदगद हो गई जांदे, ककि अखियो द, छोटे छोटे गल बिद जनदी नि अखियो द हम्मा हम्मा ,ले हम्मा हम्मा रे खुद की पायल गुड़िया पंजाबन दिल मेरा ले गई सोणा- सोणा, ओरी नच ले झुमके दे आंदी, ओ ओ झुमके द आंद, मूडगानों सहित पंजाबी गानों से सभी दर्शकों को अपनी आवाज केजादू से मदमस्त कर दिया। गानों के जादू से क्या महिला क्या पुरुष हर कोई गदगद हो गया। वही जस्सी गिल के गानों से वही जस्सी गिल ने जिद है प्यार न नसीबा न, होवे लक्की होई साजिदा, पीछे पड़दा, बल मद्दे, लक्की होई सजदा,सहित कई पंजाबी दर्शकों को किया मोहित। वही जस्सी के शो के चलते पुलिस के जवानों को हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों को नियंत्रित करने में पुलिस को कड़ी मेहनत करना पड़ा। जहा दर्शक साडा बापू जीगल सुण दे, होय जठ होया जवान कुड़ी, देखी मुंड संग गलियार, ओह में कुड़ी देखी नाड़ तनी,सहित आजा आजा की पंजाबी गानों से सभी दर्शकों को मोहित किया। जस्सी गिल के शो में कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल,जिलाधिकारी अनुराधा पाल, एसपी हिमांशु कुमार वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी न्याय विभाग के न्यायाधीश, ब्लाक प्रमुख कपकोट गोविन्द दानू,जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार,अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल,एसडीएम हरगिरि कपकोट मोनिका गरुड़ एसडीएम राजकुमार पांडे ,व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष कवि जोशी, भाजपा जिला महामंत्री सजंय परिहार, पुलिस अधिकारियों सहित पुलिस के अधिकारी और हजारों दर्शक मौजूद रहे।

### युवाओं की हुड़दंगी को रोकने के लिए पहुंची पुलिस फोर्स

बागेश्वर। जस्सी के कार्यक्रम में हजारों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूरा पुलिस बल मुस्तेद रहा, हजारों की भीड़ और मेलास्थल में दर्शकों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के सभी अधिकारी मुस्तेद दिखे। मंच के पीछे युवाओ की हुड़दंगी को रोकने के लिए तीन सीओ सहित कोतवाल कैलाश नेगी सहित पुलिस और पुलिस की अतिरिक्त पुलिस की टुकड़ी को भीड़ नियंत्रण करने के लगाया गया।वही कई बार दर्शकों द्वारा हुड़दंगी करने पर पुलिस द्वारा थोड़ी सख्ती भी करनी पड़ी।







## प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ नशा तस्कर किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान बनभूलपुरा कब्रिस्तान परिसर से एक नशा तस्कर को प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित एएनटीएफ टीम में शामिल उनि संजीत राठौड़, कानि. मुन्ना सिंह, अमनदीप सिंह गश्त के दौरान एक व्यक्ति मोहम्मद नाजिर पुत्र नसीम अहमद निवासी इंदिरा नगर वार्ड 31 बनभूलपुरा को कब्रिस्तान परिसर बनभूलपुरा से कुल 20 प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## एसएसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ बैठकर किया खिचड़ी सहभोजन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने मकर संक्रांति उत्तरायणी के अवसर पर पुलिस परिवार जनों व पुलिस बल के साथ बैठकर खिचड़ी सहभोज किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में



पुलिस परिवार के साथ कुमाऊनी संगीत में सामूहिक नृत्य भी किया गया। एसएसपी व उनकी धर्मपत्नी को अपने बीच सामूहिक नृत्य करते देख पुलिस बल व उनके परिवार जन काफी उत्साहित हुए और उनकी सादगी व सरलता से गदगद दिखे।माघ की खिचड़ी सहभोज माघ की खिचड़ी सहभोज में एसएसपी अल्मोड़ा व उनकी धर्मपत्नी द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस परिवार व पुलिस कार्मिकों के साथ जमीन में बैठकर खिचड़ी खाई।

## जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

गदरपुर(उद संवाददाता)। सुपर फिटनेस एकेडमी की संयोजिका चंद्रिका फोगाट एवं जन सेविका ज्योति चुघ तथा कविता कांडपाल द्वारा ग्राम रजपुरा नंबर 2 में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरण किए गए। इस मौके पर चंद्रिका फोगाट द्वारा कहा गया कि अगर किसी के घर में जरूरत



से ज्यादा कपड़े हैं तो इस ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की उन कपड़ों को देकर अवश्य मदद करें। समाज सेविका ज्योति चुघ और कविता कांडपाल द्वारा कहा गया कि वह इस ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों की और संभव मदद कर रहे हैं। उनके इस प्रकार के जज्बे और उनके कार्य की समस्त ग्रामवासियों द्वारा सराहना की गई। इस मौके पर मनीष फोगाट, वेदांत, अंशिका ,महिमा ,श्रद्धा, नैना आदि ने सहयोग किया।

## शिक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान:राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजपुर रोड़ स्थित मोरावियन संस्थान की हीरक जयंती (डायमंड जुबली) समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कहा कि संस्थान द्वारा राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारणों से जरूरतमंद बच्चों के साथ-साथ उच्च हिमालयी क्षेत्रों के बच्चों की लिए शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मोरावियन द्वारा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को उच्च आदर्श, नैतिक मूल्यों और व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में भी प्रयास किये जा रहे हैं। राज्यपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें असीमित सपने देखने चाहिए और अपने साईबर, क्वांटम आदि विषयों की ओर रूचि लें और उन्हें अपने जीवन में उतारें, इन्हीं सब विषयों पर भविष्य टिका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण कर उससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि





कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने स्कूल की स्मारिका 'हिस्ट्री ऑफ मोरावियन' का विमोचन किया। इसके साथ ही स्कूल के अध्यापकों और छात्रों को भी सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस समय में इस स्कूल का निर्माण किया गया है जब बुनियादी सुविधाओं से बच्चों को शिक्षा की बेहद जरूरत थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण होती है। शिक्षित व्यक्ति से ही शिक्षित समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि कठोर परिश्रम से उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र अभी से अपने अन्दर नेतृत्व की भावना पैदा करें। और अपने प्रयासों से राष्ट्र व समाज के निमार्ण में योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस, शिक्षा कभी खत्म नहीं होने वाली सतत प्रक्रिया है हमें हमेशा जीवन में कुछ न कुछ अवश्य सीखना चाहिए। इस अवसर पर छात्रों द्वारा कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मोरावियन संस्थान के पदाधिकारी और स्कूल के छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## आरएसएस गोविंद शाखा ने मनाया वार्षिकोत्सव एवं मकर संक्रांति पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गोविंद शाखा आवास विकास द्वारा अपना वार्षिकोत्सव एवं मकर संक्रांति पर्व शाखा स्थल पर मनाया गया। मुख्य शिक्षक सुरेश ने शाखा लगाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पर्यावरण मित्र अमन थे। मुख्यवक्ता बौद्धिक उत्तराखंड प्रांत बाल प्रमुख शीलनिधि एवं मुख्य अधिकारी लक्ष्मी नारायण नगर संघचालक थे। शाखा पर नित्य प्रति करवाए जाने वाले सूर्यनामस्कर, दंडाभ्यास, समता का प्रदर्शन धीरेंद्र एवं योग,



आसन, खेल का प्रदर्शन अनिल द्वारा स्वयंसेवकों से कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों के सम्मुख करवाया गया। शाखा के स्वयंसेवक सहमुख्य शिक्षक देव शाखा कार्यवाह रमेश, राजेश, हरिकृष्ण, प्रेम, पूरन, शशांक, ध्रुव,उमेश आदि थे। विकिर के उपरांत कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों द्वारा खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक जितेंद्र,जिला परिवार प्रबोधन प्रमुख मनीष, जिला व्यवस्था प्रमुख राजकुमार, पूर्व जिला संघचालक सुरेश,भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, शाखा पालक ओम प्रकाश, अशोक सिंघल सीए, हरीश, अशोक मिश्रा, कृष्ण लाल, करुणाकर, शिव कुमार,गोपाल, वेद, किशोर, पर्यावरण मित्र अनिल, वीरेंद्र, विजयपाल, प्रमोद, बृजेश व मनोज आदि उपस्थित थे।

# संत समागम व भण्डारे के साथ श्री हरिधाम का वार्षिकोत्सव संपन्न





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज के महंत मनीष सलूजा जी के सानिध्य में श्री हरिधाम मन्दिर का बारहवां वार्षिकोत्सव विशाल भंडारे के साथ धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। वार्षिकोत्सव में अंतिम दिन सन्त समागम हुआ जिसमें अचल आलोका नन्द बाई जी आनन्दपुर सत्संग भूरारानी,सन्त श्री प्रेम निष्ठानन्द जी महाराज अनन्त प्रेम आश्रम रूद्रपुर, देवता माता जी श्री बाला जी मन्दिर गुड़गाँव,हरीशचंद्र जी महाराज राष्ट्रीय विश्व सनातन धर्म महामंडलेश्वर माँ हंशेश्वरी भारती जी वैष्णो मन्दिर आदर्श कॉलोनी आदि ने प्रवचन किये। इसके बाद महिला संकीर्तन में सुप्रसिद्ध रसिक गोपी शर्मा एवं कई धार्मिक संस्थाओं ने अपने संकीर्तन से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। श्री सीता राम कृपा सेवा सिमिति महिला मण्डल गोपाल विहार,श्री नव दुर्गा मन्दिर खेड़ा,श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर महिला मण्डल रूद्रपुर,श्री गोपीनाथ मंदिर महिला मण्डल,श्री ओम् मन्दिर,श्री तुलसीधाम महिला मण्डल मल्सा,श्री सनातन धर्म



मन्दिर भूरारानी,श्री बापू जी मन्दिर गदरपुर,जय माँ कृपा मन्दिर एवं श्री शिव कृपा प्रीत विहार की महिला मण्डल ने भी अपने भजनो से कान्हा को रिझाया। भजनो में कान्हा से प्रीत लगा ले आजा नच ले गा ले एवं आज ब्रिज में होली रे रसिया ने भक्तों को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि में रूद्रपुर पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल ने सपरिवार विधिविधान से पूजा करायी। साथ ही महन्त मनीष सलुजा,श्री आलोका नन्द बाई जी भूरारानी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। दोपहर को विशाल सवामनी भण्डारा एवं छप्पन भोग सभी भक्तों में वितरण किया गया। इस अवसर पर मन्दिर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सलुजा,भारत भूषण सोनू चुघ जी,बलदेव छाबड़ा,आशु गुम्बर,महेश छाबड़ा जी,विजय काक्के,कृष्ण मिगलनी,सागर कालरा,दीपक कटारिया,विजय कक्कड़,अमित शर्मा,कमल काक्के, विवेक शर्मा,राज कुमार जांगडा,रवि कक्कड़,मनोज चावला, अजय कुमार, पारस गाबा, संजीव छाबड़ा,अजय कुमार, साहिल आनन्द,चिरंजीव पाण्डेय, अन्नू छाबड़ा,राजेश भट्ट,मनीष श्रीवास्तव, अमित रहेजा,रिंकु लम्भा, अनिल भोला आनन्द,विशाल कोहली, मोनू वर्मा विमल वर्मा,माधव शर्मा,राज कुमार भुड्डी आदि मौजूद रहे।

# काले कौवा काले घुगूती माला खाले

बागेश्वर (उद संवाददाता)। पहाड़ का प्रसिद्ध लोकपर्व उत्तरायणी का त्योहार क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। रविवार की शाम घरों में परंपरानुसार घुघुते बनाए गए। लोगो ने सरयू बार और सरयू पार के लोगों ने अलग अलग दिन घुघुती मनाई। सरयू पार, कांडा, दफौट, कपकोट के विभिन्न क्षेत्रों में एक दिन पूर्व जबकि बागेश्वर, काफलिगैर, गरुड़ तहसील के विभिन्न गाँवो में दूसरे दिन कौवे बुलाकर उन्हें पित्रो के नाम पर पकवान



दिए गए।सोमवार की सुबह बच्चों ने घुघुतों का माला पहनकर कौओं को घुघुते खाने के लिए आमंत्रित किया। बच्चों ने काले कौआ काले का उद्घोष कर कौओं को घुघुते खाने के लिए बुलाया। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखा गया। छोटे बच्चे सुबह होते ही अपने आसपास कौवों को पकवान खिलाने के लिए अपने घरों से कौवे बुलाने लगे।कौवे बुलाने में बच्चों में काफी उत्साह रहता है।

# सिविल जज बनने पर नैंसी छाबड़ा का आरएएन स्कूल में हुआ अभिनंदन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल बिलासपुर की पूर्व छात्रा नैंसी छाबड़ा पुत्री राकेश छाबड़ा उत्तराखंड में सिविल सेवा की परीक्षा में पांचवा स्थान प्राप्त कर अभूतपूर्व तत्पश्चात विद्यालय की निर्देशक मोहित राय निर्देशिका श्रीमती निधि राय एवं प्रधानाचार्य श्रीमती दिव्या भारद्वाज ने उन्हे स्मृति चिह्न भेंट स्वरुप प्रदान कर उन्हे सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को नाम भी रोशन किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शार्ट सर्किट नहीं होता उसे पाने के लिए दिन रात मेहनत करनी पड़ती है । 2009 में आर. ए. एन. से अपनी बारहवीं की परीक्षा पास करने के विद्यालय के संस्थापक एच. के. राय ने उनकी अभूत पूर्व सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए सफलता के सोपान पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया। विद्यालय के डायरेक्टर महोदय मोहित राय ने उसे




सफलता हासिल की । उनके सम्मान में आरएएन स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता कोई शार्ट सर्किट नहीं होता उसे पाने के लिए दिन रात मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने न केवल अपने माता-पिता बल्कि अपने विद्यालय और अपने नगर का पश्चात अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर संघर्षरत रही । उन्होंने कहा कि अगर नींव मजबूत हो तथा शिक्षकों का आशीर्वाद हो तो हम जीवन में कुछ भी हासिल कर सकते हैं । इस अवसर पर ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वाद दिया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्य श्रीमती दिव्या भारद्वाज तथा समस्त शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई का राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रम्पुरा में चल रहे सात दिवसीय शिविर का गत दिवस रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह तथा विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घघाटन किया। कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने सात दिवसीय शिविर के सातों दिनों की आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा, स्वच्छता जागरूकता तथा नशा उन्मूलन पर लघु नाटिकाये प्रस्तुत कर समाज को एक नई दिशा देने का वचन दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश शुक्ला ने कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सभी स्वयंसेवकों को एक



आदर्श नागरिक बनकर समाज हित के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह ने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि वे समाज हित में आगे आकर नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें साथ ही नशे से दूर रहें । उन्होंने स्वयंसेवकों को कहा कि वह मलिन बस्तियों में जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास जारी रखें। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों को आदर्श नागरिक बनने की दिशा में आगे आने को कहा। इस अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रम्पुरा के प्रधानाचार्य बीके सिंह, यतेंद्र सिंह यादव, कुलदीप कुमार गहलोत, कृपाल सिंह कंबोज, गजेंद्र सिंह सिकरवार सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी जय कुमार विश्वास ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी आदित्य शुक्ला, शिवम कुमार , राजगुरु , मोहित कुमार, हिमांशु सिंह बिष्ट, मोहम्मद इमरान को उनके सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

# सीएम की घोषणा पर व्यापारियों ने मिष्ठान वितरण कर जताया आभार

गरुड़( उद संवाददाता)। गरुड़ के गोलू मार्केट में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उत्तरायणी मेले बागेश्वर में गरुड़ के गोलू मार्केट के दुकानों के विनियमितीकरण के प्रयास किए जाने की घोषणा पर खुशी व्यक्त की। मुख्यमंत्री के इस निर्णय का व्यापारियों ने स्वागत किया और खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया। गोलू मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष मधसूदन जोशी ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखा है। गोलू



मार्केट के व्यापारियों की पीड़ा को समझते हुए यह निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास, पूर्व जिला अध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट,जिला महामंत्री घनश्याम जोशी का भी आभार व्यक्त किया। इस दौरान महेश बोरा, मदन सिंह, नवीन खोलिया, ललित मिश्रा, गोकुलानंद, गणेश जोशी, महेश गोस्वामी, बसंत कांडपाल, रजनी आर्य, रमेश पांडे, महेश पांडे,असरफ खान, जगदीश भट्ट , गिरीश राम आदि व्यापारी मौजूद थे।

# काशीपुर में न्यू स्मार्ट सिटी बसाने का किया स्वागत

## सीएम धामी एवं शहरी विकास मंत्री का आभार व्यक्त किया

काशीपुर( उद संवाददाता)। नगरवासियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए काशीपुर में एक



और न्यू स्मार्ट सिटी बसाने की कवायद का क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा एवं पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने खुलेदिल से स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं शहरी विकास मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। दरअसल, उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रदेश में दस नए नगर बसाने का निर्णय लिया गया , विधायक त्रिलोक सिंह चीमा व पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा के अनुरोध को स्वीकार कर उन दस नगरों में काशीपुर का नाम भी सम्मलित किया गया ,काशीपुरवासियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए काशीपुर में एक और न्यू स्मार्ट सिटी बसाने की कवायद की जा रही है, जिसमें सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पहले चरण में नया शहर बसाने के लिए सैकड़ों एकड़ जमीन तलाशी जा रही है। जमीन मिलने के बाद सरकार प्रस्ताव को मंजूरी दे सकती है। क्षेत्र में लगातार आवासीय कॉलोनियों का विकास हो रहा है। इसके बाद भी लोगों को सड़क, पार्क, स्वच्छ हवा सहित कई जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। गली-मोहल्लों तक की सड़कों पर कई बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसा अनियोजित विकास के चलते हो रहा है। इससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। क्षेत्र का प्रदूषण स्तर भी बढ़ता जा रहा है। काशीपुर का अभी और ज्यादा विकास होने की उम्मीद है लेकिन यह विकास नियोजित तरीके से हो इसलिए सरकार न्यू स्मार्ट सिटी बसाने की कवायद कर रही है। सरकार की इस कवायद का क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा एवं पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने खुलेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि काशीपुर तकरीबन छह-सात सौ वर्ष पुराना शहर है, जिसमें अनियोजित विकास होने से अक्सर तमाम दिक्कतें यहां के लोगों को उठानी पड़ती हैं। राज्य सरकार की काशीपुर में न्यू स्मार्ट सिटी बसाने की कवायद से यहां चंडीगढ़ जैसा नियोजित विकास होगा, क्योंकि नया चंडीगढ़ बसाने से वहां अपेक्षित विकास हुआ। ऐसे ही काशीपुर में भी नियोजित विकास के द्वार खुलेंगे।

# वृद्धाश्रम स्थापित करने की मांग

रूद्रपुर( उद संवाददता)। समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने शासन प्रशासन से शहर में वृद्धाश्रम स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि नगर में वृद्धाश्रम की अति आवश्यकता है यहां के कई वृद्ध जीवन यापन करने के लिए बाहर चले गये हैं। उन्होंने कहा कि शहर की धार्मिक संस्थाओं को भी इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और शहर के संभ्रांत लोगों की बैठक बुलाकर इस पर विचार विमर्श करना चाहिए। ऐसे लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए वृद्धाश्रम शीघ्र स्थापित किया जाना चाहिए।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नेपाल में विमान हादसे

नेपाल में हुए विमान हादसे ने एक बार फिर इस चिंता को बढ़ा दिया है कि हवाई सेवाओं के तेजी से विस्तार के दौर में ऐसी घटनाएं आम लोगों पर कैसा असर डालेंगी। हवाई यात्रा निश्चित रूप से सुविधाजनक होती है, लेकिन इसके साथ कई आशंकाएं भी मौजूद रहती हैं। नेपाल के पोखरा में अपने गंतव्य पर पहुंचने और सुरक्षित उतरने के महज कुछ पल पहले यही डर सच साबित हो गया, जब यति एअरलाइंस का एक विमान हादसे का शिकार हो गया।हालांकि मध्य नेपाल के पोखरा शहर में हाल ही में शुरू हुए हवाई अड्डे पर विमान जब उतरने वाला था, तब चंद पल पहले सब कुछ सही लग रहा था और उसके सुरक्षित उतर जाने की उम्मीद थी। मगर अचानक एक झटके में वह वहां स्थित नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में पांच भारतीयों सहित बहत्तर लोग सवार थे, जिनमें खबरों के मुताबिक सभी मुसाफिरों की मौत हो गई। घटनास्थल के बिल्कुल नजदीक ऊंचे भवनों वाला रिहाइशी इलाका है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर विमान उन घरों पर गिरता, तो नुकसान कितना हो सकता था।नेपाल में विमान के गिरने और इतनी बड़ी तादाद में लोगों के मारे जाने को भी आए दिन होने वाले हादसों में शुमार कर उसी मुताबिक जांच और उसके नतीजे पेश होंगे। लेकिन क्या हादसे के बाद घटना की जांच किसी ऐसे निष्कर्ष तक भी पहुंचती है कि आगे ऐसी त्रासदी से न गुजरना पड़े? नेपाल में हुई ताजा दुर्घटना के बाद विमान का ब्लैक बाक्स मिल गया है और अब उसके जरिए हादसे के कारणों की पड़ताल करने की कोशिश की जाएगी। लेकिन फिलहाल विश्लेषणों के आधार पर जो अनुमान जताए गए हैं, उसके मुताबिक हादसे के लिए मानवीय भूल, विमान प्रणाली में अचानक आई या पहले से मौजूद खराबी या फिर पायलट की थकान जैसी कुछ वजहें हो सकती हैं। ये आशंकाएं इसलिए भी जताई जा रही हैं कि हवाई पट्टी पर उतरने के ठीक पहले तक विमान बिल्कुल सुरक्षित दिशा में था। सवाल है कि अचानक विमान में ऐसा क्या हुआ कि कुछ पल के भीतर ही सब कुछ तबाह हो गया! नेपाल में यह कोई पहला हादसा नहीं है। पिछले तीस सालों में इस तरह के अट्ठाईस हादसे हो चुके हैं। जो विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, वह करीब चार दशक पुराने माडल का था। इसके अलावा, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, खराब मौसम और कई मामलों में पायलट के पास पर्याप्त अनुभव न होना भी उड़ानों को खतरनाक बनाते हैं। हालांकि ताजा हादसे के वक्त मौसम बिल्कुल साफ था और उसकी वजह से कोई गड़बड़ी पैदा होने की आशंका नहीं थी। मगर ऊंचे पहाड़ों वाले इलाके में स्थित हवाई अड्डों से सुरक्षित उड़ान भरने और उन पर उतरने के लिए पायलटों के विशेष रूप से प्रशिक्षित होने की जरूरत होती है। संभव है कि नेपाल की उड़ान सेवाओं में इस कसौटी का ध्यान रखा जाता हो, लेकिन बड़े हादसों के बाद हवाई सेवाओं के सुरक्षित होने को लेकर कई सवाल उठते हैं। विमान सेवाओं को चूंकि बेहद संवेदनशील यात्रा माना जाता है, इसलिए उसकी सुरक्षा को लेकर भी सबसे उच्च स्तर की सजगता बरती जाती है। लेकिन अगर इस क्षेत्र में भी आए दिन हादसे होने लगें तो विमान से सफर को लेकर भी आशंकाएं पैदा होंगी। खासतौर पर विमान सेवाओं के निजीकरण के दौर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच आजकल हवाई सेवाओं में आए दिन जैसी गड़बड़ियां देखी जा रही हैं, वे लगातार जोखिम को बढ़ा रही हैं।

# हिमालय को हिला रही हैं जल विद्युत परियोजनाएं

उत्तराखंड में जोशीमठ जैसा खतरा हिमाचल प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। मंडी जिले में तीन ग्रामों के घरों में जोशीमठ के घरों जैसी दरारें दिखने लगी हैं। पूरा हिमालय इस समय विकास एवं पर्यटन के लिए निर्मित की जा रहीं जल विद्युत परियोजनाओं का अभिशाप झेल रहा है। इन परियोजनाओं के लिए बनाए जा रहे बांधों पर उंगलियां शुरू से ही उठाई जाती रही हैं। टिहरी पर बंधे बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक भी हिदायतें देते रहे हैं कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई तो गंगा तो प्रदुषित होगी ही, हिमालय का भी पारिस्थितिकी तंत्र गड़बड़ा सकता है ? केदारनाथ में हुआ हादसा इसी पारिस्थितिकी तंत्र के गड़बड़ाने का दुष्परिणाम था। इस हादसे के सात साल बाद 2021 में उत्तराखंड में एक बार फिर तबाही का अलाम देखने में आया था। बर्फ के एक बड़े शिलाखंड के टूटने से आई बाढ़ के कारण चमोली जिले में ऋषिगंगा और धौलीगंगा जल विद्युत परियोजनाओं के लिए बनाए जा रहे बांध टूट गए थे। नतीजतन करीब 150 लोगों के बहने के साथ इतने ही लोगों की मौत की खबर आई थी। इस घटना ने भी आधुनिक विकास बनाम प्रलय की चेतावनी दी थी। लेकिन न भारत सरकार चेती और न ही उत्तराखंड सरकार। अब जोशीमठ तो मानव निर्मित कृत्रिम आपदा का संकट झेल ही रहा है, लेकिन इसे यदि गंभीरता से नहीं लिया, तो धीरे-धीरे हिमालय की ज्यादातर आबादियां जोशीमठ की शक्ल में बदलती दिखाई देंगी। औद्योगिक-प्रौद्योगिकी विकास के लिए हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र को इन्हें नजरअंदाज किया गया। सर्वोच्च न्यायालय भी इस बिंदु पर चिंता जता चुका है। केंद्र सरकार के अधीन जल संसाधन मंत्रालय 2016 में न्यायालय से कह चुका है कि अब यहां यदि कोई नई विद्युत परियोजना बनती है तो पर्यावरण के लिए खतरा साबित होगी। दरअसल 2013 में आई केदारनाथ त्रासदी के बाद एक याचिका की सुनवाई करते हुए चौबीस निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं पर रोक लगा दी गई थी। यह मामला आज भी विचाराधीन है। बावजूद उत्तराखंड में बिजली के लिए जल के दोहन का सिलसिला जारी है। इसके साथ ही रेल परियोजनाओं के लिए भी हिमालय के गर्भ में सुरंगे खोदी जा रही हैं और सतह पर आधुनिक सुविधा युक्त रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं। मसलन त्रासदियों से सबक लेने के लिए राजनीतिक इच्छा शक्ति दिखाई नहीं देरही है। जबकि 1976 में गढ़वाल के आयुक्त महेशचंद्र मिश्रा की समिति ने 47 साल पहले ही कह दिया था कि जोशीमठ का जिस अनियमित ढंग से विकास हो रहा है, उससे यह कभी भी दरक सकता है। क्योंकि यहां नए निर्माण के लिए पहाड़ों को ताकतवर विस्फोटों के जरिए ढहाया जा रहा था। जिसने हिमालय की जड़ें हिलाने की शुरूआत कर दी थी। दरअसल उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ की जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। जिस ऋशिगंगा परियोजना पर 2021 में हादसा हुआ था, उसका कार्य 95 प्रतिशत पूरा हो चुका था। लेकिन इस हादसे ने डेढ़ सौ लोगों के प्राण तो लीले ही संयंत्र को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जाता है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए बुनियाद हेतु गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जाते हैं। इन गड्ढों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों की दरारों को खाली कर देता है और पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन पहाड़ों के ढहने और हिमखंडों के टूटने की घटनाएं नंदादेवी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही हैं। इसीलिए ऋषिगंगा, धौलीगंगा, विष्णुगंगा, अलकनंदा, मंदाकिनी और भागीरथी गंगा के जल अधिग्रहण क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। इन्हीं नदियों का पानी गोमुख से निकलकर गंगा की धारा को निरंतर बनाए रखता है। स्पष्ट है। गंगा की धारा को उद्गम स्थलों को ही ये संयंत्र अवरुद्ध कर रहे हैं। नतीजतन पहाड़ धंसकने के संकेत अब जोशीमठ के घरों में आई दरारों से स्पष्ट देखने में आने लगे हैं। यह हाल फिलहाल भले ही जोशीमठ में दिख रहा हो, लेकिन इसका कालांतर में विस्तार पूरे चामोली जिले में दिखाई देगा। फिलहाल जोशीमठ की 25 हजार की आबादी को नई जगह बसाने का सिलसिला सरकार ने शुरू जरूर कर दिया है, लेकिन देश में विस्थापन कभी भी उचित नहीं हुआ। विस्थापित लोगों को आजीवन दरिद्रता का दंश झेलने को मजबूर हो जाना पड़ता है। ऋषिगंगा पर बन रहा संयंत्र रन ऑफ रिवर पद्धति पर आधारित था। अर्थात यहां बिजली बनाने के लिए बांध तो नहीं बनाया गया था, लेकिन परियोजना को निर्मित करने के लिए नदी की धारा में मजबूत आधार स्तंभ बनाए गए थे। इन पर टावर खड़े करके विद्युत निर्माण के यंत्र स्थापित कर दिए गए थे। ऐसे में यह समूची परियोजना हिमखंड के टूटने से जो पानी का तेज प्रवाह हुआ, उससे क्षतिग्रस्त हो गई। यह संयंत्र जिस जगह बन रहा था, वहां दोनों किनारों पर संकरी घटियां हैं, इस कारण पानी का वेग अधिक था, जिसे आधार स्तंभ झेल नहीं पाए और संयंत्र बर्बाद हो गया। यह पानी आगे चलकर विष्णुगंगा तपोवन परियोजना तक पहुंचा तो वहां पहले से ही बने बांध में पानी भरा था, नतीजतन बांध की क्षमता से अधिक पानी हो गया और बांध टूट गया। यही पानी तबाही मचाता हुए निचले क्षेत्रों की तरफ बढ़ता चला गया। चूंकि हिमखंड दिन में टूटा था, इसलिए जन व धन की हानि ज्यादा नहीं हो पाई थी, अन्यथा बर्बादी का मंजर देखना मुश्किल हो जाता। गंगा की इस अविरल धारा पर उमा भारती ने तब चिंता की थी, जब केंद्र में संप्रग की सरकार थी और डॉ मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। उत्तराखंड के श्रीनगर में जल विद्युत परियोजना के चलते धारादेवी का मंदिर डूब में आ रहा था। इस डूबती देवी को बचाने के लिए उमा धरने पर बैठ गई थीं। अंत में सात करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान करके, मंदिर को स्थानांतरित कर सुरक्षित कर लिया गया था। उमा भारती ने चौबीस ऊर्जा संयंत्रों पर रोक के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान 2016 में जल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में जल संसाधन मंत्री रहते हुए केंद्र सरकार की इच्छा के विपरीत शपथ-पत्र के जरिए यह कहने की हिम्मत दिखाई थी कि उत्तराखंड में अलकनंदा, भागीरथी, मंदाकिनी और गंगा नदियों पर जो भी बांध एवं जल विद्युत परियोजनाएं बन रही हैं, वे नदियों समेत गांव एवं कस्बों के लिए खतरनाक भी साबित हो सकती हैं ? लेकिन इस इबारत के विरुद्ध पर्यावरण और ऊर्जा मंत्रालय ने एक हलफनामे में कहा कि बांधों का बनाया जाना खतरनाक नहीं है। इस कथन का आधार 1916 में हुए समझौते को बनाया गया था। इसमें कहा गया है कि नदियों में यदि एक हजार क्यूसेक पानी का बहाव बनाए रखा जाए तो बांध बनाए जा सकते हैं। किंतु इस हलफनामे को प्रस्तुत करते हुए यह ध्यान नहीं रखा गया कि सौ साल पहले इस समझौते में समतल क्षेत्रों में बांध बनाए जाने की परिकल्पनाएं अंतर्निहित थीं। उस समय हिमालय क्षेत्र में बांध बनाने की कल्पना किसी ने भी नहीं की थी ? इन शपथ-पत्रों को देते समय 70 नए ऊर्जा संयंत्रों को बनाए जाने की तैयारी चल रही थी। दरअसल परतंत्र भारत में जब अंग्रेजों ने गंगा किनारे उद्योग लगाने और गंगा पर बांध व पुलों के निर्माण की शुरूआत की तब पंडित मदनमोहन मालवीय ने गंगा की जलधार अविरल बहती रहे, इसकी चिंता करते हुए 1916 में फिरंगी हुकूमत को यह अनुबंध करने के लिए बाध्य किया था कि गंगा में हर वक्त हर क्षेत्र में 1000 क्यूसेक पानी अनिवार्य रूप से निरंतर बहता रहे। लेकिन पिछले एक-डेढ़ दशक के भीतर टिहरी जैसे सैकड़ों छोटे-बड़े बांध और बिजली संयंत्रों की स्थापना के लिए आधार स्तंभ बनाकर गंगा और उसकी सहायक नदियों की धाराएं कई जगह अवरुद्ध कर दी गई हैं। 2013 में हुए केदारनाथ हादसे के समय भाजपा नेत्री और सांसद सुषमा स्वराज ने संसद में हिमालय पर निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं पर कड़ा विरोध प्रकट करते हुए कहा था कि, विकास बनाम विनाश का सिलसिला उत्तराखंड में चल रहा है। प्रकृति से छेड़छाड़ की जा रही है। पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। नदियों पर बांध बनाकर, उन्हें अवरुद्ध किया जा रहा है। आखिर हम यह विकास अरबों-खरबों रुपए खर्च करके किसके लिए कर रहे हैं ? प्रकृति एक दिन क्रोधित होती है और सब कुछ तबाह कर जाती है। धारादेवी को उत्तराखंड का रक्षक माना जाता है। लेकिन इसके ऊपर भी जल विद्युत परियोजना निर्माणाधीन हैं। हमारी पार्टी की नेत्री उमा भारती ने इस परियोजना का विरोध किया। मेरे साथ प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से मिलने गईं। उन्होंने आश्वस्त किया कि धारा देवी की मूर्ति नहीं हटाई जाएगी। दरअसल यहां एक बड़ी शिला को ही धारादेवी कहा जाता है, मूर्ति तो प्रतीक है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और निर्माण जारी रहा। यह मात्र संयोग नहीं है कि 16 जून 2013 को धारा देवी जलमग्न होती है और उसी दिन केदारनाथ में जल-प्रलय आता है, जो हजारों लोगों की जिंदगियां लील गया। लेकिन विडंबना देखिए कि 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं और उमा भारती को जल संसाधन मंत्री का प्रभार दिया जाता है। लेकिन स्थिति वही बनी रहती है, जो मनमोहन सिंह की सरकार में थी। इस कालखंड में विदेश मंत्री रहते हुए भी सुषमा स्वराज इस पूरे मुद्दे पर पूरे पांच साल मौन रहती हैं। बहरहाल हिमालय की नदियों को सुरंगों में डालकर उनके दोहन का सिलसिला और तेज हो जाता है। इसी का परिणाम 2021 की त्रासदी थी और इसी का विस्तार हम जोशीमठ में देख रहे हैं।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

## वाडिया इंस्टीट्यूट के निदेशक ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. कलाचंद



साईं ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने निदेशक से जोशीमठ भू ध सांव के परिपेक्ष्य में किए जा रहे संस्थान के अध्ययन और प्रयासों की जानकारी प्राप्त की।

## पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव किये पारित

गदरपुर। पालिका कार्यालय में सोमवार को पूर्व एजेण्डा के अनुक्रम में बैठक का आयोजन पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में 15 वे वित्त आयोग (टाइल ग्राण्ट) से प्राप्त अनुदान से कूड़ा कचरा उठाने हेतु एक कूड़ा गाड़ी एवं एक ट्राली तथा मानव चलित रिक्शा और हेड पंप पानी हेतु पाइप लाइन प्याऊ लगाने तथा छठ घाटों को जीर्णोद्धार किए जाने का प्रस्ताव पूर्ण बहुमत से पास हुआ। विज्ञापन शुल्क उपविधि वर्ष 2021-22 पर दरों को संशोधित करने का प्रस्ताव किया गया। सेवानिवृत्त और मृतक कर्मचारियों के उपार्जित अवकाश/ देयको के भुगतान को नियमानुसार दिए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। पालिका में पड़ी निष्प्रोज्य विद्युत उपकरण सामग्री, सफाई उपकरण सामग्री, रद्दी अन्य सामाग्री को नीलामी कराये जाने हेतु खुली बोली पर प्रस्ताव पास किया गया। कार्यालय में इंटरकॉम लगाए जाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी दिए जाने, गृहकर निर्धारण आपत्ती सुनवाई हेतु समिति गठित किए जाने, आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य कराए जाने, कार्यालय का साइन बोर्ड लगाए जाने आदि को पूर्ण बहुमत से प्रस्ताव पास किए गए।बोर्ड बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्र द्वारा किया गया। इस मौके पर सभासद जुनैद अंसारी, मंजू, ऋषभ काम्बोज, अमरजीत सिंह, परमजीत सिंह, मनोज गुम्बर, रोहित कुमार सुदामा, सतीश मिड्ढा, मीनाक्षी, लीना संजीव झाम, विनीता,सुरेश खुराना, संदीप बत्रा, तथा कार्य लिपिक विजेंद्र कुमार शामिल थे।

## अराजक तत्वों के विरुद्ध पालिका कर्मियों ने दी तहरीर

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य कर्मचारी संघ के नगर इकाई अध्यक्ष उमेश वाल्मीकि के नेतृत्व में थाने पहुंचे दर्जनों सफाई कर्मचारी ,पालिकाध्यक्ष तथा ईओ के अलावा के अलावा अन्य कर्मचारी नारेबाजी करते हुए थानाध्यक्ष से मिले इस दौरान उमेश वाल्मीकि द्वारा कुछ सभासदों एवं अन्य दुकानदारों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। तहरीर में कहा गया कि गत रात्रि लगभग 9:30 बजे कुछ सभासदों द्वारा तथा अन्य दुकानदारों द्वारा पालिका कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार गाली गलौज एवं मारपीट की गई जोकि उस समय नगर पालिका गेट पर फ्लेक्सी एवं पिलर लगाकर कार्य कर रहे थे उन्होंने आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है इस दौरान दर्जनों कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए थाने से नगरपालिका पहुंचने तक जोरदार नारेबाजी की और आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। वहीं दुकानदारों का कहना था कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा आपत्ती किए जाने के बावजूद जबरन अतिक्रमण करके नगर पालिका गेट पर पिलर खड़े करके फ्लेक्सी लगाने का प्रयास किया जा रहा है जिसके लिए उनके द्वारा तहसीलदार उप जिलाधिकारी एवं अन्य उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है । वहीं पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि पालिका प्रशासन द्वारा जबरन अतिक्रमण करके पिलर (खंभे) लगाने का प्रयास किया जा रहा है जिसके विरोध में उन्हें आंदोलन के लिए बात है बाध्य होना पड़ेगा।

## डीएम ने दिए दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता) ।जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने किच्छा क्षेत्रान्तर्गत हुये वाहन दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट कौस्तुभ मिश्र को जॉच अधिकारी नामित किया है।जॉच अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट कौस्तुभ मिश्र ने बताया कि दिनांक 16.11.2022 को आनन्दपुर मोड़ किच्छा में उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सं0-यूके-07पीए-4313 के वाहन चालक द्वारा वाहन को लापरवाही व तेज गति से चलाने के कारण प्रीतम सिंह कोहली उम्र 30 वर्ष की मृत्यु हो गयी। वहीं 5.11.2022 को महालक्ष्मी कम्पनी के पीछे, थाना पंतनगर में वाहन सं0-यूके-06टीए-6657 (टैम्पो) के वाहन चालक द्वारा वीरपाल नाम व्यक्ति की मोटरसाईकिल में टक्कर मारकर उसे गम्भीर रूप से घायल कर देने व मोटरसाईकिल को क्षतिग्रस्त कर दी। इसके अलावा 21.11.2022 को रूद्रपुर किच्छा रोड थाना किच्छा में वाहन सं0-यूके-06टीए-6641 (टैम्पो) के वाहन चालक द्वारा वाहन को लापरवाही व तेज गति से चलाने के कारण आदित्य प्रताप नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घयल हो गये। उन्होने कहा है कि उक्त प्रकरणों में यदि किसी को भी अपना पक्ष रखना हो अथवा किसी के पास कोई अन्य जानकारी हो तो वह 25 जनवरी 2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक बयान हेतु या साक्ष्य/दस्तावेज सहित उपस्थित होवें।

# 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के लिये कांग्रेस नेताओं ने बनाई रणनीति

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 26 जनवरी से प्रस्तावित कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की सफलता के लिए विधानसभा की पर्यवेक्षक एवं प्रदेश महासचिव ममता हालदार ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर अभियान की सफलता के लिए रणनीति तैयार की। बैठक में यात्रा की सफलता के लिए पार्टी के लोगों को जिम्मेवारियां सौंपी गयी। इस दौरान पर्यवेक्षक ममता हालदार ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिले रहे भारी जनसमर्थन को देखते हुए अब अब पार्टी 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलाने जा रही है। देश भर के साथ उत्तराखण्ड में भी 26 जनवरी को दो माह के इस अभियान का आगाज होगा। इस अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता घर घर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी से जिला एवं विधनसभा स्तर पर भी जोर शोर से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली जायेगी। रूद्रपुर विधानसभा में भी इस यात्रा को जोर शोर से निकाला जायेगा। जिसके तहत हर गांव और मतदान केंद्र स्तर पर पदयात्रा होगी। इसमें घर-घर जनसंपर्क करने के साथ भारत जोड़ो



यात्रा के भावनात्मक वीडियो दिखाए जाएंगे। साथ ही युवा कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन प्रत्येक विकासखंड में बाइक रैली निकालेंगे। प्रत्येक ब्लाक में एक माह पदयात्रा चलेगी और हर गांव में बैठक का आयोजन होगा। घर-घर जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की असफलताएं बताई जाएंगी । यात्रा के दौरान राहुल गांधी का देश के ग्रामीण अंचल के लोगों के नाम पत्र भी बांटा जायेगा और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कांग्रेस की चार्जशीट जारी की जायेगी। हर घर में भारत जोड़ो यात्रा का स्टिकर भी लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की तरह हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा भी पार्टी कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार करेगी। यह यात्रा उत्तराखण्ड में सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस दौरान पार्टी के लोगों को अलग अलग जिम्मेवारियां सौंपी गयी। पर्यवेक्षक ममता हालदार ने कहा कि अब तक की तैयारियों को लेकर 18 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को रिपोर्ट सौंपी जायेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस यात्रा के लिए जी जान से जुटने का आहवान किया। इस दौरान पार्टी के अन्य नेताओं ने भी अपने सुझाव और विचार रखे। बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, कार्यकारी महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष दिनेश पंत, नित्यानंद मण्डल, जगदीश तनेजा, हरीश बावरा, सादिक, प्रीति साना, गोपाल भसीन, मोनिका ढाली, विजय यादव,विजय अरोरा, नारायण हालदार, अजय आदि समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।

# पुलिस पर लगाया रूपये लेकर छोड़ने का आरोप

## एसएसपी से की कार्रवाई की मांग

रूद्रपुर(ऊधमसिंह नगर)। रम्पुरा निवासी एक व्यक्ति ने एसएसपी को सौंपे एक शिकायती पत्र में रम्पुरा चौकी में तैनात दो पुलिस कर्मियों पर बेवजह हिरासत में लेकर उसके पास से हजारों की नगदी व आवश्यक कागजात कब्जे में लेने के पश्चात रूपये लेकर छोड़ने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पत्र में रम्पुरा वार्ड 22 निकट गुरूद्वारा सागर कुमार पुत्र स्व. शंकर लाल ने कहा है कि वह इलैक्ट्रीशियन का कार्य करता है। उसे बच्चों की फीस का भुगतान करना था। 15 जनवरी को वह ट्रांजिट कैम्प निवासी सोमपाल श्रीवास्तव के घर कार्य के लिए गया। एटीएम से 1000 रूपये निकाले। 3000 हजार रूपये उसके पास पहले से थे। काम निपटाने के बाद वह टेम्पो से सोनिया होटल के आगे उतरा और घर जाने लगा। तभी रम्पुरा चौकी में तैनात दो पुलिस कर्मियों ने उसे रोक लिया और उसे जबरन चौकी ले आये। जहां पुलिस कर्मियों ने एक नया रजिस्टर व पेन मंगवाया। सागर का आरोप है पुलिस कर्मियों ने उससे मारपीट की तथा रजिस्टर में जबरन लिखवाया कि वह सट्टे का कार्य करता है। आरोप है पुलिस ने उसके जेब से मोबाईल, पर्स जिसमें 4000 रूपये, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड रखे थे निकाल लिये। साथ ही उसका चालान कर दिया। सागर का आरोप है 16 जनवरी को उसकी पत्नी से पांच हजार रूपये लेकर उसे रिहा कर दिया। जबकि उसका पर्स, रूपये व कागजात वापिस नहीं किये। सागर का कहना है उसने आज तक कोई भी आपराधिक कृत्य नहीं किया है। पुलिस कर्मियों द्वारा अकारण उसका आर्थिक व मानसिक शोषण किया गया है। शिकायती पत्र में सागर ने एसएसपी से मामले की जांच कर आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# बिना स्वार्थ हित चाहने वाले संत, गुरु व परमात्मा ही है : हरि चैतन्य

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ अमरावती कालोनी में स्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा के प्रति विश्वास ही नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास होना चाहिए । ईश्वर के प्रति मन में यदि संशय आ जाता है, तो उसके प्रति होने वाली भक्ति स्वत: ही नष्ट हो जाती है । तथा ईश्वर के प्रति प्रेम भी नष्ट हो जाता है। बिना किसी स्वार्थ के हित चाहने व प्रेम करने वाले तो एक मात्र संत, गुरु व परमात्मा ही है।अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि संसार में सभी लोग अधिकांशत: किसी न किसी स्वार्थवश ही संबंध रखते हैं यदि उनके हित में बाधा पहुँचेगी व हमारे अंदर उन्हें देने के लिए कुछ भी शेष ना रहेगा (रूप, बल, वाणी, प्रतिष्ठा, धन इत्यादी के माध्यम से) तो प्यार समाप्त हो जाएगा । बिना



किसी स्वार्थ के संबंध बनाए रखने वाले अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है। सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धापूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य सुनते हैं चाहे व्यक्ति को वेद , शास्त्र , पुराणों का ज्ञान हो।उन्होंने कहा कि परमात्मा हमारी वस्तुओं, पदार्थों, मान सम्मान इत्यादि का नहीं वह तो हमारी प्रेम व भावनाओं का भूखा है।महाराज श्री ने कहा कि मात्र मानव शरीर पाकर ही हम सच्चे अर्थों में मानव या इंसान कहलाने का अधिकारी नहीं बन जाते हैं , स्वयं को सुसंस्कारित करके समाज के लिए उपयोगी बनाएँ । सदाचार पूर्ण जीवन बिताएँ राष्ट्रीयता, नैतिकता व चरित्र को भी जीवन में महत्व दें । इस मौके पर हवन, सुन्दर काण्ड पाठ का भी आयोजन किया गया ।

# स्मैक तस्कर पुलिस गिरफ्त में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि गश्त के दौरान बनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी साथी पुलिस कर्मियों उपनिरीक्षक मनोज यादव व कांस्टेबल दिलशाद अहमद के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान शनि बाजार मैदान के पास से एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस कर्मियों



ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता चंदन तिवारी पुत्र स्वर्गीय बच्ची राम तिवारी निवासी आदर्श कॉलोनी काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 4.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर चंदन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**युवक ने फासी लगाकर...**की सूचना आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोरा की। चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंची तो युवक का शव पंखे के कुंडे पर कपड़े से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और आस पास के लोगों से जरूरी पूछताछ की। घटना की सूचना पर परिजन भी संभल से यहां पहुंच गये है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों के मुताबिक कपिल घर से नौकरी की तलाश में यहां आया था। इससे पहले भी रूद्रपुर में वह काम कर चुका था। कल दोपहर को उसने छोटे भाई सुमित से बात की थी। सुमित से क्या बात हुई इस सम्बंध में अभी पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस आत्म हत्या के कारणों की छानबीन में जुट गयी है। मौके पर कोई सुसाईड नोट नहीं मिला है।

**दो और होटलों..**जेपी कॉलोनी में भी खतरे को देखते हुए असुरक्षित भवनों को ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया है। सीबीआरआई की ओर से सर्वे करने के बाद असुरक्षित घरों को होटलों की तरह वैज्ञानिक तरीके से ध्वस्त किया जाएगा। वहीं, होटल माउंट व्यू को ढहाने का काम मंगलवार को भी जारी रहा। यहां डायमंड कटर से छत को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

**भर्ती घोटालों के खिलाफ...** किया। इस दौरान हल्द्वानी के बुध पार्क में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता व प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले युवा मौजूद रहे। सरकार के संरक्षण में भर्तियों में धांधली का आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्तियां हों या फिर अब उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की भर्ती हो युवाओं के भविष्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि केवल दिखावे के लिए गिरफ्तारियां की जा रही हैं और कुछ दिन बाद आरोपी बेल में छूट जा रहे हैं। यशपाल आर्य ने कहा कि लोक सेवा आयोग के गोपन विभाग के जिस अधिकारी द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक किया गया है, उसी के द्वारा उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा के भी प्रश्न पत्र बनाए गए हैं। लिहाजा पीसीएस परीक्षा भी संदेह के घेरे में है। यशपाल आर्य ने कहा कि युवाओं की मांग पर सभी ऐसी संदिग्ध परीक्षाओं को सरकार को स्थगित करना चाहिए और दोबारा से परीक्षाओं को करवाना चाहिए । वहीं कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि युवाओं की जवानी बर्बाद करने वाली सरकार को एक पल भी सत्ता में टिके रहने का कोई अधिकार नहीं है। युवा मुख्यमंत्री कहने वाले पुष्कर सिंह धामी को सबसे पहले नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

**बिहार के शिक्षा मंत्री...**शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित पवित्र ग्रंथ राम चरित्र मानस को लेकर असहनीय व अपमानजनक बयान दिए। इस घटना के बाद समूचे देश में बिहार के शिक्षा मंत्री के बयानों की कटु शब्दों में निंदा हो रही है। इसी को लेकर आज काशीपुर में भी हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गुस्से का इजहार करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर अल्प बुद्धि है। वह इस पद के योग्य नहीं है। चंद्रशेखर के इस कृत्य को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने महापाप बताते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात कही है। विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन करने वालों में पंकज अग्रवाल, गौरव गोयल, अश्वनी शर्मा, भगवती प्रसाद, विजय चंद्रा, मनोज अग्रवाल, बंटी, अमित मित्तल, देवेंद्र सिंह रावत आदि दर्जनों शामिल रहे।

**एसएसपी ने किये ...**थाना नानकमत्ता से प्रभारी चौकी पैगा, उपनिरीक्षक भगवान गिरि गोस्वामी को कोतवाली बाजपुर से प्रभारी चौकी बन्नाखेड़ा, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह रंसपाल को कोतवाली रूद्रपुर से प्रभारी चौकी सकैनिया, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह मेहता को थाना दिनेशपुर से प्रभारी चौकी बेरिया दौलत, उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द्र को कोतवाली खटीमा से कोतवाली बाजपुर एवं उपनिरीक्षक गिरीश चन्द्र पंत को प्रभारी चौकी सकैनिया से थाना दिनेशपुर स्थानांतरित किया गया है।

**लाखों के गांजे...**में कुल 27.30 किलोग्राम अवैध गांजा परिवहन करने पर गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरूद्ध थाना भतरौजखान में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सराईखेत के आस-पास के क्षेत्रों से गांजा इकट्ठा कर नगीना की ओर बेचने के लिए ले जा रहे थे।बरामद गांजे की कीमत चार लाख से अधिक आंकी गयी है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भतरौतखान, निरीक्षक संजय पाठक,उपनिरीक्षक जगत सिंह,हेड कांस्टेबल प्रकाश चन्द्र,कांस्टेबल उपेन्द्रसिंह,संदीप मलिक, नीरज शर्मा आदि शामिल थे।

**जनजागरूकता...**आयोजित किया जाता है इस बार भी जिले भर में यह जागरूकता अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा हैं उन्होंने कहा कि सड़क पर यातायात नियमों का पालन करना सभी के लिए जरूरी हैं। यातायात नियमों का पालन करने से आप खुद अपनी सुरक्षा ही नहीं बल्कि दूसरों की भी सुरक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी और दूसरों की जान की रक्षा के लिए भी करें। इस दौरान एसपी क्राइम ट्रैफिक चंद्रशेखर घोडके, सीओ ट्रैफिक पंतनगर तपेश कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रुद्रपुर सी पी यू इंस्पेक्टर रुद्रपुर, पंतनगर ट्रैफिक पुलिस के जवानों तथा हिंदुस्तान जिंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिले भर में पुलिस द्वारा मनाये जा रहे यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत जनजागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में डी डी चौक पर सीपीयू और यातायात पुलिस ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यातायात पुलिस कर्मियों ने भी लोगों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि सड़क पर यातायात नियमों का पालन खुद की सुरक्षा के साथ साथ दूसरों की सुरक्षा के



लिए भी जरूरी हैं। लोगों कार चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने और ओवर स्पीड में वाहन न चलाने की अपील की गयी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरु माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&Conditions Apply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikhoti +919690256666
Pilikhoti +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741373
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)